बिहार सरकार

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# Office District Education Officer, Madhubani
## Elementary Education & SSA

Jagat Lal Mishra Complex,
R.k.College Road Sapta Madhubani
Pincode-847214
Phone: -8544411570, E-mail: *dpossamadhubani@gmail.com*

**Notice Inviting Quotations for supply of Printed Question Paper-cum-Answer Sheet, Yearly Evaluation-2024**

Sealed quotations are invited from reputed/experienced firms/agencies for the Printing of Question Paper - cum - Answer Sheet as per following specifications:-

| S.l. | Item | specifications |
|---|---|---|
| 1 | कागज का साइज | A 3साइज 70 GSM का (297 mm X 420 mm) क्रीम ओभ कागज,जिसपर पेपर मिल का वाटर मार्क हो,पर एक रंग में दोनों तरफ मुद्रण(जिसे एक बार मोड़ने पर A4 साईज(210mm X 297mm ) का कुल दो पन्ने(चार पृष्ठ) का मुद्रित प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका का स्वतः तैयार हो जायेगा। |
| 2 | पैकेटिंग | वर्गवार एवं विषयवार हिन्दी माध्यम एवं उर्दू माध्यम (जहाँ लागू हो) के 500–500 प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका का अलग–अलग बंडल बनाया जाएगा तथा बंडल के ऊपर वर्ग का नाम, विषय एवं माध्यम का नाम एवं कक्षा V एवं VIII के उपर "वार्षिक परीक्षा 2024" एवं कक्षा I-IV तथा कक्षा VI-VII के उपर "वार्षिक मूल्यांकन 2024" बोल्ड अक्षरों में मुद्रित रहेगा। बंडल इस तरह तैयार किया जाएगा जिससे कि बंडल के अंदर का प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका ढुलाई के क्रम में नष्ट न हो। |

Detailed separate bid documents for the above packages may be obtained from the Bihar Education Project, Madhubani Office on any working day. The bid documents may also be downloaded from our web-site **www.bepmadhubani.org**

Bid documents sealed in separate covers and marked as **"Part-I Technical Proposal"** and **"Part-II Finacial Proposal"** must be send through registered post,within under 21 days after the publishing date of tender. All sealed quotations will be opened in the office at 02:00 PM on **next working days at the end of bid date.**The bidders or their representatives who choose shall be present.

**District Programme officer**
**(EE&SSA), Madhubani**

**District Education officer**
**Madhubani**

Scanned with CamScanner

## ।। कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी ।।
(प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

## निविदा प्रपत्र

शिक्षा विभाग, बिहार के द्वारा राज्य के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों के कक्षा V एवं VIII में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का वार्षिक परीक्षा तथा कक्षा I से IV एवं कक्षा VI से VII के छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन 2024 कराने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु वर्ग I से VIII के लगभग 800000 छात्र–छात्राओं के लिए सभी विषयों का हिन्दी एवं उर्दू माध्यम में अलग–अलग प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका के मुद्रण की आवश्यकता है।

निविदादाता के द्वारा जिला मुख्यालय अथवा चिन्हित् प्रखंडो/स्थान पर आपूर्ति के लिए निविदा में दर अंकित किया जायेगा तथा चयनित निविदादाता को कार्यादेश में अंकित विवरण के अनुसार बी0आर0सी0/स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

अतएव, मुद्रण हेतु निबंधित, योग्य एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ मुद्रकों से अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से निर्धारित प्रपत्र में सभी वांछित प्रमाण–पत्रों एवं अभिलेखों के साथ तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में मात्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि के अगले दिन अपराह्न 02:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

**प्रश्न पत्र–सह–उत्तरपुस्तिका की विशिष्टियाँ :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कागज का साइज | A 3साइज 70 GSM का (297 mm X 420 mm) क्रीम ओभ कागज,जिसपर पेपर मिल का वाटर मार्क हो,पर एक रंग में दोनों तरफ मुद्रण(जिसे एक बार मोड़ने पर A4 साईज(210mm X 297mm ) का कुल दो पन्ने(चार पृश्ठ) का मुद्रित प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका का स्वतः तैयार हो जायेगा। |
| 2. | संख्या | 800000 लगभग छात्र–छात्राओं के लिए |
| 3. | पृष्ठों की संख्या | 04 पेज दोनो तरफ ब्लैक एण्ड व्हाइट मुद्रण |
| 4. | पैकेटिंग | वर्गवार एवं विषयवार हिन्दी माध्यम एवं उर्दू माध्यम (जहाँ लागू हो) के 500–500 प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका का अलग–अलग बंडल बनाया जाएगा तथा बंडल के ऊपर वर्ग का नाम, विषय एवं माध्यम का नाम एवं कक्षा V एवं VIII के उपर "वार्षिक परीक्षा 2024" एवं कक्षा I-IV तथा कक्षा VI-VII के उपर "वार्षिक मूल्यांकन 2024" बोल्ड अक्षरों में मुद्रित रहेगा। बंडल इस तरह तैयार किया जाएगा जिससे कि बंडल के अंदर का प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका ढुलाई के क्रम में नष्ट न हो। |

**निविदादाता के लिए सामान्य शर्त्त एवं उपबंध :–**

1.. निविदादाता को मुद्रण एवं बाईडिंग से संबंधित कार्य का कम से कम पिछले पाँच वर्षो का अनुभव होना चाहिए।

A[illegible]

Scanned with CamScanner

2. निविदादाता का औसत वार्षिक टर्नओवर पिछले तीन वर्षों यथा 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में कम से कम 10000000/-(एक करोड़) प्रति वर्ष होना चाहिए।

3. निविदा द्विलिफाफा प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय निविदा के रूप में अलग-अलग लिफाफे में उसके ऊपर तकनीकी/वित्तीय अंकित होना अनिवार्य है।

**तकनीकी निविदा**

निविदादाता के द्वारा सभी पैकेजों के लिए मात्र एक तकनीकी निविदा निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक सूचनाओं के साथ निम्नांकित कागजात संलग्न करके निर्धारित तिथि तक समर्पित करना आवश्यक होगा:-

(क) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का राशि 75000/-(पचहत्तर हजार) रूपया मात्र का लौटाने योग्य डिमांड ड्राफ्ट जो BEP GOB मधुबनी के नाम से देय एवं मधुबनी में भुगतेय हो, अग्रधन के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ख) निविदादाता को अपने फर्म का निबंधन से संबंधित कोई एक प्रमाण-पत्र की छाया प्रति यथा शॉप एण्ड एसटेबलिशमेंट/जनरल ट्रेड लाइसेंस/एम0एस0एम0ई0-उद्योग आधार नंबर/उद्यम पंजीकरण/कंपनी या पार्टनरशीप फर्म पंजीकरण से संबंधित प्रमाण-पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ग) निविदादाता को GST में निबंधित होने का प्रमाण-पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(घ) निविदादाता को लगातार तीन वित्तीय वर्षों 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 का ITR, GST RETURN, की अद्यतन छाया प्रति एवं PAN / TAN कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ड़) निविदादाता को लगातार तीन वित्तीय वर्षों 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में औसतन टर्न ओभर 10000000/- (एक करोड़) रूपया होना अनिवार्य है। सत्यापन के लिए चार्टर अकाउंटेट के द्वारा (Audited Profit & Loss A/C), जिससे वार्शिक Turn Over की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(च) निविदादाता को बिहार सरकार के किसी भी दो सरकारी कार्यालय/संस्था में प्रश्न-पत्र सह उत्तर पुस्तिका की आपूर्ति करने एवं प्रत्येक कार्यालय में एक मुश्त 3000000/-(तीस लाख) रूपया से अधिक का आपूर्ति आदेश संलग्न करना अनिवार्य है।

(छ) निविदादाता को किसी भी सरकारी संस्था में काली सूची में दर्ज नहीं होने की प्रथम श्रेणी के दण्डाधिकारी से सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ज) निविदादाता का बिहार में इकाई कार्यरत (Total Staff Strength) का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

(झ) प्रश्न पत्र-सह उत्तर पुस्तिका के निर्माण एवं पैकेटिंग/बंडलिंग में प्रयुक्त कागज/सामग्री का नमूना, साईज, GSM एवं पेपर मिल का नाम आदि स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए संलग्न होना चाहिए।

Scanned with CamScanner

(प) निविदादाता द्वारा उक्त निविदा की सभी शर्त मान्य है से संबंधित लेटर हेड पर घोषणा पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(फ) निविदादाताओं के द्वारा सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित होना अनिवार्य है।

(ब) निविदादाता का मुद्रण एवं बाईडिंग से संबंधित वेभ ऑफसेट मशीन एवं कटींग मशीन के साथ अन्य सभी आवश्यक मशीनें प्री–प्रेस एवं बाईडिंग सिस्टम से सुसज्जित इकाई बिहार में कार्यरत होना चाहिए।

(भ) निविदादाता का प्रेस बिहार राज्य के वस्तु एवं सेवाकर विभाग से मुद्रक के रूप में निबंधित होना अनिवार्य होगा।

<u>वित्तीय निविदा</u>

(क) तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।

(ख) वित्तीय निविदा में सभी कर एवं प्रखंड संसाधन केन्द्र कार्यालय तक परिवहन खर्च सहित प्रति इकाई का दर अंकित होना चाहिए।

(ग) वित्तीय निविदा के मूल्यांकन के आधार पर न्यूनतम दर वाले निविदादाता/ निविदादाताओं के साथ एकरारनामा किया जाएगा।

<u>अन्य शर्त्त/उपबंध</u>

1. तकनीकी निविदा के साथ जमा किए गए कागजातों/प्रमाणों की भौतिक/स्थल सत्यापन करने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, मधुबनी कार्यालय स्वतंत्र होगा।
2. अंतिम रूप से चयनित फर्म/एजेन्सी को क्रय आदेश की प्रति बिहार शिक्षा परियोजना, मधुबनी कार्यालय से प्राप्त कर निदेशानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करना होगा।
3. मुद्रण/निर्माण से संबंधित सभी सामग्री एवं कार्य की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि अथवा अग्रिम राशि देय नहीं होगा।
4. उपर्युक्त सभी शर्त्तों एवं उपबन्धों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। किसी एक भी शर्त्त/उपबंध को किसी समय पूरा नहीं करने की स्थिति में दिए गए कार्यादेश/निविदा को रद्द करते हुए निविदादाता के अग्रधन की राशि को जब्त करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिये बिहार शिक्षा परियोजना, मधुबनी कार्यालय स्वतंत्र होगा।
5. निविदादाता के द्वारा क्रय आदेश के आलोक में प्रखंड संसाधन केन्द्र कार्यालय को निर्धारित तिथि तक सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निविदादाता के द्वारा रनिंग विपत्र एवं प्रखंड मुख्यालय अवस्थित कार्यालय को सामग्री प्राप्ति कराने संबंधी प्रमाण उपलब्ध कराने पर विपत्र का 75 प्रतिशत राशि का भुगतान देय होगा एवं पूर्ण रूप से आपूर्ति के पश्चात् मात्रा का सत्यापन एवं गुणवत्ता जाँच कराकर शेष 25 प्रतिशत राशि का भुगतान नियमानुसार सभी वैधानिक कटौती करते हुए देय होगा।
6. मुद्रित प्रतियाँ/सामग्री निर्धारित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने / मुद्रण में त्रुटि/ अस्पष्टता रहने, मजबूत बाईडिंग नहीं होने, मुद्रित सामग्री ससमय आपूर्ति नहीं करने/निविदा शर्त्तों से

Scanned with CamScanner

विचलन आदि की स्थिति में भुगतेय राशि से यथोचित राशि अथवा 10 प्रतिशत तक की राशि की कटौती एवं निविदादाता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना मधुबनी स्वतंत्र होगा।

7. निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

8. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अथवा पृच्छा के लिए निविदा प्रकाशन के पश्चात् किसी भी कार्य दिवस को अपराह्न 03:00 बजे अपराह्न 05:00 बजे के बीच बिहार शिक्षा परियोजना, मधुबनी में इच्छुक एवं योग्य निविदाता संपर्क कर सकते हैं।

9. भविष्य में चयनित निविदादाता एवं बिहार शिक्षा परियोजना, मधुबनी के बीच भुगतान/अन्य मामलों से संबंधित विवाद होने की स्थिति में विवादों का निपटारा हेतु राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के समक्ष सुनवाई के लिए चयनित निविदादाता द्वारा अनुरोध किया जा सकता है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA)
मधुबनी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
मधुबनी।

Scanned with CamScanner